2

ई–मेल

पत्र संख्या–03 / स्था०–18(अधियाचना)–28 / 2023

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

प्रेषक,

नीरज धर,
अवर सचिव।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– जल संसाधन विभागान्तर्गत सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयरेंस के पश्चात् की गई अनुकम्पा नियुक्ति के पदों को शामिल करने के उपरान्त कोटिवार रिक्ति उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–1503 दिनांक–19.08.2024 तथा पत्रांक–2262 दिनांक–21.11.2024, पत्रांक–2272 दिनांक–22.11.2024, पत्रांक–1909 दिनांक–04.10.2024, पत्रांक–2001 दिनांक–18.10.2024 एवं पत्रांक–1178 दिनांक–03.07.2024।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्रांक–1503, दिनांक–19.08.2024 द्वारा सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयरेंस कराते हुए विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। उक्त के आलोक में सभी मुख्य अभियंताओं द्वारा रोस्टर क्लीयरेंस संबंधी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया।

उपरोक्त प्रासंगिक पत्रों द्वारा जल संसाधन विभागान्तर्गत सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के कार्यालय परिचारी के पदों पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति की गई। अनुकम्पा के आधार पर कार्यालय परिचारी के पदों पर की गई नियुक्ति के उपरान्त विभाग को आपके द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराए गए रिक्त पदों के रोस्टर क्लीयरेंस संबंधी प्रतिवेदन में की गई अनुकम्पा नियुक्ति के पदों को कोटिवार घटाकर शुद्ध कोटिवार पदों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन विभाग को 24 घंटे के अन्दर अचूक रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, ताकि नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के माध्यम से बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना को प्रेषित की जा सके।

**<u>कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए</u>**

विश्वासभाजन
ह0 / –
**(नीरज धर)**
अवर सचिव

ज्ञापांक–03 / स्था०–18(अधियाचना)–28 / 2023 48 पटना / दिनांक– 07/01/25

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/01/25
**अवर सचिव**

Desktop/vk/2024/ani-letter